शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लो कप्रिय अखबार

सिवनी

राष्ट्रबाण

संपादक : संजय बघेल

• वर्ष : 11 • अंक : 173 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए

बुधवार 11 नवंबर 2026

E-PAPER: www.rashtrabaan.in

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan

न्यूज ब्रीफ

सरकार का दावा- 3 माह में देश में बेरोजगारी 5.1% पर आई

नईदिल्ली। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान भारत की बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत हो गई है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी में आई कमी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी 'पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे' के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2026 के 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई है।

सीजेपी नेता अभिजीत दीपके पुलिस के सामने पेश नहीं हुए

नईदिल्ली। 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नेता अभिजीत डिपके 16 अक्टूबर के एक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में समन मिलने के बावजूद मंगलवार को मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे। उन्होंने त्योहारों से जुड़े कामों का हवाला देते हुए पेशी के लिए नई तारीख मांगी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पेशी टालने का अनुरोध किया है और पुलिस को जानकारी दी है कि वे अभी राष्ट्रीय राजधानी (दिल्ली) में नहीं हैं। दीपके को 16 अक्टूबर को कनॉट प्लेस में 'लहरा दो तिरंगा' विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में हिरासत में लिया गया था।

सीआईएससीई बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

नईदिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने मंगलवार को 2027 की बोर्ड परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार, कक्षा 10 की परीक्षाएं 15 फरवरी से और कक्षा 12 की परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू होंगी। इन दोनों परीक्षाओं में कुल 3,79,980 परीक्षार्थी शामिल होंगे। आईसीएसई (कक्षा 10) की परीक्षा में 3,106 संबद्ध स्कूलों के 2.70 लाख परीक्षार्थी बैठेंगे। आईएससी (कक्षा 12) की परीक्षा में 1,651 स्कूलों के 1.1 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

दिल्ली में बैंक ऑफ बड़ौदा को बम से उड़ाने की धमकी

नईदिल्ली। दिल्ली में संसद मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा को बम से उड़ाने की धमकी भरा कॉल मिला है। सुबह 11:35 बजे पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं।

दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 शहर भारत के

दिल्ली-भोपाल में एक्यूआई 400 पार; तमिलनाडु में बारिश, यूपी के 4 शहरों की हवा खराब

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के हैं। एक्यूआई.इन के आंकड़ों के मुताबिक, आज सुबह 9:54 बजे राजस्थान का श्रीगंगानगर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां एक्यूआई 821 दर्ज किया गया। इस सूची में भारत के अलावा सिर्फ पाकिस्तान का लाहौर शामिल था। लाहौर 430 एक्यूआई के साथ 14वें स्थान पर रहा।

वहीं, दिवाली के बाद दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश तक प्रदूषण गंभीर बना हुआ है। दिल्ली में मंगलवार सुबह 6 बजे चांदनी चौक का एक्यूआई 400 के पार रहा, जबकि कई इलाकों में यह 300 से ज्यादा दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के भोपाल, उज्जैन और हरियाणा के बहादुरगढ़ में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। यूपी के नोएडा में एक्यूआई 332, बुलंदशहर में 331, गाजियाबाद में 324 दर्ज किया गया। एमपी में रात का तापमान 11 डिग्री और यूपी में 15डिग्री तक गिर गया है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 201 से 300 तक होने पर हवा खराब मानी जाती है। 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी होती है। गंभीर प्रदूषण का असर स्वस्थ लोगों पर भी पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली समेत 4 राज्यों से गाड़ियों के प्रदूषण पर जवाब मांगा



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि गाड़ियों से निकलने वाले धुएं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस पर तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकारों के साथ एमसीडी और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि तय उम्र पूरी कर चुकी और प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने वाली गाड़ियों की एंट्री और उनके चलने पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। साथ ही, ऐसी गाड़ियों की पहचान और जांच की व्यवस्था की जानकारी भी मांगी है। इसमें पीयूसी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता लागू कराने के कदम शामिल हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची व वी. मोहना की बेंच ने कमर्शियल और निजी गाड़ियों के लिए लागू नियमों और उन्हें लागू करने की व्यवस्था का ब्योरा मांगा है। खास तौर पर पड़ोसी राज्यों से दिल्ली- एनसीआर में आने वाली गाड़ियों पर जानकारी देने को कहा गया है।

यूपीः हवा सांस लेने लायक नहीं, प्रदूषण बढ़ा

यूपी में दिवाली की आतिशबाजी के बाद हवा में प्रदूषण बढ़ गया। हवा सांस लेने लायक नहीं रही। मंगलवार शाम की रिपोर्ट के मुताबिक, नोएडा में एक्यूआई 332, बुलंदशहर में 331, गाजियाबाद में 324 और बागपत में 305 रिकॉर्ड किया गया। हवा की स्थिति खतरनाक स्तर में पहुंच गई है।

मप्रः में टेम्परेचर 11 डिग्री से नीचे

दिवाली के बाद मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ गई है। बीती रात सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से नीचे आ गया। कटनी के करौंदी में पारा 10.4 डिग्री रहा। आईएमडी (मौसम केंद्र) भोपाल ने अगले 4 दिन के अंदर पारे में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आने का अनुमान जताया है।

राजस्थानः लगातार दूसरे दिन पारा 38 डिग्री के ऊपर

राजस्थान के शहरों में सोमवार को भी दिन में सामान्य से ज्यादा गर्मी रही। बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। इन दिनों राजस्थान में गर्मी के कारण बहुत परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। ठंड के मौसम में भी लोगों को गर्मी लग रही है।

बिहारः सुबह धुंध, दिन में तेज धूप, बारिश नही

बिहार में आज मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। सुबह कई जिलों में हल्के से मध्यम स्तर की धुंध छाई रह सकती है, जबकि दिन में धूप निकलने से तापमान बढ़ेगा। फिलहाल बारिश को लेकर कोई अलर्ट नहीं है। लेकिन मौसम विभाग का अनुमान है कि थोड़ी ठंड बढ़ सकती हैं।

तमिलनाडु के थूथुकुडी समेत कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आज बारिश की संभावना है। आंध्र प्रदेश, केरल और लक्षद्वीप में तेज हवाएं चलने की संभावना है।

सीएम चंद्रबाबू बोले- 500 के नोट बंद हों

सिर्फ 100-200 के नोट चलें, डिजिटल पेमेंट से भ्रष्टाचार रुकेगा; देश में 3 बार नोटबंदी हो चुकी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in



आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 500 और 2,000 रुपए के नोट बंद कर देने चाहिए। सिर्फ 100 और 200 रुपए के नोट ही चलन में रहने चाहिए। बड़े नोटों का चलन कम करने और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि पहले भी डिजिटल करेंसी को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर पीएम नरेंद्र मोदी को सौंपी थी। अब वे फिर इस मुद्दे को उठाएंगे। नायडू ने यह मांग 9 नवंबर को अमरावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उठाई थी। यह बयान 8 नवंबर 2016 की नोटबंदी के 10 साल पूरे होने के अगले दिन आया था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 19 मई 2023 को 2000 के नोट चलन से वापस लेने का फैसला किया था, लेकिन ये नोट अभी भी कानूनी रूप से वैध हैं। यानी इनसे लेन-देन किया जा सकता है। 8 नवंबर 2016 को 500 और 1,000 के पुराने नोट बंद किए गए थे।

नायडू का दावा- स्थानीय चुनावों में एनडीए ने धनबल का असर कम

आंध्र प्रदेश में हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों का जिक्र करते हुए नायडू ने कहा कि नतीजे नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन को दिखाते हैं। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन ने चुनावों में धनबल के प्रभाव को कम करने में कामयाबी हासिल की है। सीएम की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, शहरी स्थानीय निकाय और परिषद चुनावों में एनडीए को 58.9% वोट मिले। यह 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले 55.3% वोटों से 3.6 प्रतिशत अंक ज्यादा है। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी का वोट शेयर 2024 के 39.81% से घटकर स्थानीय निकाय चुनावों में 33.56% रह गया। इसमें 6.25 प्रतिशत अंक की गिरावट आई है।

डोनाल्ड ट्रम्प बोले- ईरान से जंग अब लगभग खत्म

कतर के पीएम से मुलाकात के बाद कहा- फिलहाल हमले की जरूरत नहीं, लेकिन सेना तैयार

राष्ट्रबाण | वॉशिंगटन डीसी | एजेंसी
rashtrabaan.in



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने सोमवार को कहा कि फिलहाल अमेरिका मौजूदा स्थिति बनाए रखेगा। किसी भी बदलाव की स्थिति में अमेरिकी सेना तैयार है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, सैन्य तौर पर ईरान का मामला लगभग खत्म हो चुका है। ईरान की लीडरशिप खत्म कर दी गई है। हालांकि, अमेरिका अब भी यह सुनिश्चित करना चाहता है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय के लिए टल जाए। ट्रम्प ने यह बयान कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी से मुलाकात के बाद दिया। राष्ट्रपति ने ईरान पर दोबारा हमले की धमकी से पीछे हटने के संकेत भी दिए। उन्होंने रविवार को ष्टह्वह्व को फोन पर दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर ईरान के साथ बातचीत में प्रगति होती है और वह एक मजबूत समझौते पर हस्ताक्षर करता है, तो दोबारा हमले की जरूरत पड़ने की संभावना बहुत कम है।

अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते दो बार हमले किए

इस बीच अमेरिकी सेना ने पिछले एक हफ्ते में कम से कम दो बार ईरान पर सीमित हमले किए हैं। इनमें ईरान की एयर डिफेंस प्रणाली को निशाना बनाया गया। इसके अलावा, शनिवार को अमेरिकी सेना ने एक कमर्शियल जहाज पर गोलीबारी कर उसे निष्क्रिय कर दिया। अमेरिका का दावा है कि यह जहाज ईरानी बंदरगाहों पर लगी उसकी नौसैनिक नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था।

आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण का तीसरी बार तलाक



अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण तथा उनकी पत्नी अन्ना कोनिडेला ने आपसी सहमति से तलाक लिया है। शादी के 13 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। उपमुख्यमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, यह फैसला आपसी समझ और सम्मान के साथ लिया गया। दोनों ने कहा कि वे अच्छे दोस्त बने रहेंगे।

पवन कल्याण और अन्ना अपने बच्चों के लिए समर्पित माता-पिता की भूमिका निभाते रहेंगे। बच्चों की खुशी और भलाई दोनों की साझा प्राथमिकता रहेगी। पवन कल्याण ने तीन शादियां की हैं और तीनों ही बार उनका तलाक हुआ है। तलाक के फैसले के बाद पवन कल्याण की ओर से जारी बयान में कहा गया- अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा एक साथ बिताने के बाद हमने आपसी समझ और सम्मान के साथ अलग होने का फैसला किया है।

70 हजार शिक्षकों को एरियर्स-वेतनवृद्धि देने को चुनौती

:हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार, बताया-वित्तीय स्थिति ठीक नहीं

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को छठवें वेतनमान का एरियर्स देने के जबलपुर हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सरकार ने अपनी याचिका में प्रदेश की वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए एरियर्स और वेतनवृद्धि से जुड़े वित्तीय भार से राहत देने की मांग की है।

सरकार के मुताबिक शिक्षकों को वर्ष 2006 से एरियर्स देने पर करीब 5600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं, वेतन बढ़ने से हर साल करीब 1300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

पहले भी खारिज हो चुकी है एसएलपी

इस मामले में राज्य सरकार पहले भी सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर चुकी है, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने आदेश के पालन को लेकर सरकार को चार सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अब सरकार ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से तीन बार आवेदन की तारीख बढ़ाई गई थी। इसके बाद कुल 34,199 शिक्षकों ने आवेदन किया है। इनमें करीब 20 हजार सरकारी और 14 हजार निजी स्कूलों के शिक्षक शामिल हैं।

5600 करोड़ एरियर्स पर होंगे खर्च



हाईकोर्ट ने प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को वर्ष 2006 से छठवें वेतनमान का एरियर्स देने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के पालन से सरकार पर बड़ा वित्तीय भार आने का अनुमान है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि इस अतिरिक्त खर्च को आसानी से वहन किया जा सके। सरकार ने कोर्ट को बताया है कि एरियर्स के भुगतान पर करीब 5600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा वेतनमान के लाभ के कारण हर साल करीब 1300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ेगा। इसी आधार पर सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश से राहत देने की मांग की है।

5600 करोड़ एरियर्स पर होंगे खर्च

हाईकोर्ट ने प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को वर्ष 2006 से छठवें वेतनमान का एरियर्स देने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के पालन से सरकार पर बड़ा वित्तीय भार आने का अनुमान है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि इस अतिरिक्त खर्च को आसानी से वहन किया जा सके। सरकार ने कोर्ट को बताया है कि एरियर्स के भुगतान पर करीब 5600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा वेतनमान के लाभ के कारण हर साल करीब 1300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ेगा। इसी आधार पर सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश से राहत देने की मांग की है।

पहले भी खारिज हो चुकी है एसएलपी

इस मामले में राज्य सरकार पहले भी सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर चुकी है, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने आदेश के पालन को लेकर सरकार को चार सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अब सरकार ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

आईआरसीटीसी से टिकट बुक करने में परेशानी

ट्रेन सिलेक्ट करने के बाद प्रोसेस आगे नहीं बढ़ रही; हाई लोड एरर बता रहा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in



आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एप से टिकट बुक करने में परेशानी आ रही है। यूजर्स को टिकट बुक करते समय हाई लोड का मैसेज दिख रहा है। रेलवे की तरफ से अभी कोई बयान नहीं आया है।

सबसे ज्यादा दिक्कत तत्काल टिकट बुकिंग के वक्त आई

वेबसाइट का पेज खुल ही नहीं रहा था या बहुत देर तक लोड होता रहा।

यूजर आईडी और पासवर्ड डालने पर लॉगिन एरर आ रहा था।

ट्रेन सिलेक्ट करके पैसेंजर डिटेल भरने के बाद प्रोसेस आगे नहीं बढ़ रही।

कई लोगों के खाते से पैसे कट गए, लेकिन टिकट कन्फर्म होने का मैसेज तुरंत नहीं दिखा।

आईआरसीटीसी की वेबसाइट डाउन होने पर क्या करें

आईआरसीटीसी वेबसाइट डाउन होने पर यूजर्स कस्टमर केयर नम्बर 14646,08044647999 और 08035734999 पर कॉल कर सकते हैं। ईमेल के माध्यम से भी अपनी परेशानी बता सकते हैं। अगर अर्जेंट हो तो काउंटर पर जाकर टिकट बुक करा सकते हैं।

पैसा कट गया और टिकट नहीं बना तो क्या करें?

तुरंत दोबारा टिकट बुक न करें: अगर खाते से पैसे कट गए हैं, तो पहले 'My Transactions' या 'Booked Ticket History' में जाकर स्टेटस देखें।

ब्राउजर बदलकर देखें: गूगल क्रोम में दिक्कत आ रही हो तो मोजिला या इनकॉग्निटो मोड (प्राइवेट विंडो) में टिकट बुक करने की कोशिश करें।

पहले 'तबादला उद्योग' था ...मोहन सरकार में 'तबादला फैक्ट्री'

पटवारी ने सीएम को पत्र लिखा; बोले- आईएएस और आईपीएस का 2 साल फिक्स कार्यकाल हो

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश में लगातार हो रहे प्रशासनिक फेरबदल और शराब माफिया के मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि प्रदेश में भाजपा की सरकारें तो बदलती हैं, लेकिन तबादलों की सियासत नहीं बदलती।


उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समय 'तबादला उद्योग' चलता था, लेकिन अब मोहन सरकार में बाकायदा 'तबादला फैक्ट्री' खुल गई है। पटवारी ने प्रशासनिक स्थिरता के लिए मांग की है कि कलेक्टर, एसपी और प्रमुख विभागीय पदों पर पदस्थ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का सामान्य परिस्थितियों में कम से कम दो साल का कार्यकाल तय किया जाए। समय से पहले होने वाले तबादलों के लिखित कारण सार्वजनिक किए जाएं और केवल नेताओं की नाराजगी या राजनीतिक दबाव के चलते तबादले न हों।

इसके अलावा उन्होंने सरकार से हर साल तबादलों पर श्वेतपत्र जारी करने और बार-बार अधिकारियों के बदले जाने से विभागों की कार्यक्षमता पर पड़े असर का स्वतंत्र मूल्यांकन कराने की मांग भी की है।

20 महीने में 325 से ज्यादा आईएएस के तबादले का दावा



पत्र में आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए पटवारी ने बताया कि दिसंबर 2023 से जुलाई 2025 के बीच केवल 20 महीनों में 325 से ज्यादा आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए। यानी हर दो दिन में एक आईएएस अधिकारी की जिम्मेदारी बदली गई। यह सिलसिला यहीं नहीं थमा। पटवारी के मुताबिक, 23 जुलाई 2026 के बाद 36 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए, जबकि पिछले तीन महीनों में करीब दो दर्जन जिलों के कलेक्टर और एक दर्जन जिलों के एसपी बदले जा चुके हैं। मई 2026 में ही 62 आईपीएस अधिकारियों का फेरबदल हुआ था। पटवारी ने सवाल किया कि क्या ढाई महीने में कोई कलेक्टर जिले की व्यवस्था सुधार सकता है या छह महीने में कोई एसपी अपराध और कानून-व्यवस्था में स्थायी बदलाव ला सकता है?



हल्के में ना लें बच्चों में सोशल एंग्जाइटी

12 से 36 महीने तक की आयु सीमा के दौरान एक बच्चे का भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास होने लगता है, जिसके कारण उनके सोशल स्किल्स भी डेवलप होते हैं। यह वह वक्त होता है, जब बच्चा घर से बाहर निकलता है। डेकेयर से लेकर प्ले स्कूल आदि में जाने लगते हैं। ऐसे में वह घर के सदस्यों के अतिरिक्त दूसरे बच्चों व व्यस्क लोगों से मिलते हैं।

कभी-कभी इस अवस्था में बच्चे सोशल फीयर्स भी जन्म लेने लगते हैं। हो सकता है कि वह दूसरों के साथ सामाजिक संपर्क होने पर सहज महसूस ना करें। शुरूआती दिनों में नई जगह पर सेट होने में बच्चे थोड़ा समय लगता है, लेकिन अपरिचित लोगों को उसे घबराहट या एंग्जाइटी होती है तो ऐसे में जल्द से जल्द बच्चे की मदद करनी चाहिए, अन्यथा आगे चलकर उसे इस सोशल एंग्जाइटी के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं कि टॉडलरहुड में सोशल एंग्जाइटी को किस तरह दूर किया जाए-

बच्चे की मदद करने से पहले आपको उनमें होने वाली सोशल एंग्जाइटी के कारणों के बारे में भी जानना चाहिए। वैसे अभी तक यह पूरी तरह क्लीयर नहीं है कि इतनी छोटी उम्र के बच्चों में सोशल एंग्जाइटी का वास्तविक कारण क्या है। हालांकि इसके लिए अधिकतर मामलों में जेनेटिक्स को कारण माना जाता है, क्योंकि यह एक बच्चे के स्वभाव और व्यक्तित्व में योगदान देता है। इसके अलावा, एक बच्चे का वातावरण भी उन्हें सोशल एंग्जाइटी का शिकार बना सकता है। मसलन, अगर घर में पहले से ही कोई बड़ा बच्चा इस तरह की समस्या से पीड़ित हो तो छोटा बच्चा भी उसे देखकर काफी कुछ सीख जाता है। वैसे एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि छोटे बच्चे अपनी मां से भी सोशल एंग्जाइटी बिहेवियर सीख सकते हैं। मां द्वारा अनजाने में ही अशाब्दिक संकेत बच्चे को यह सिखा सकते हैं कि अजनबी या अपरिचित व्यक्ति चिंता का एक स्रोत हैं।






यूं करें मदद

अब सवाल यह उठता है कि इतनी कम उम्र के बच्चों की आप किस तरह मदद कर सकती हैं ताकि उनकी सोशल एंग्जाइटी को कम किया जा सके।

- सबसे पहले तो पैरेंट्स घर में हेल्दी सोशल इन्टरैक्शन करें। इससे बच्चा देखता और सीखता है कि बाहरी दुनिया व अजनबी लोगों से बहुत अधिक डरने की आवश्यकता नहीं है।
- बच्चे को नए लोगों से घुलने-मिलने का मौका दें और उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। लेकिन कभी भी उसके साथ जबरदस्ती ना करें। इससे बच्चे पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- अगर आपका बच्चा पहली बार बाहर जा रहा है तो ऐसे में पहले घर पर उसकी रिहर्सल करने से बच्चे के मन के डर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मसलन, अगर आप उन्हें डेकेयर या प्ले स्कूल ले जा रही हैं तो पहले घर पर रोल प्ले करें। इससे बच्चे को स्कूल के माहौल की काफी जानकारी पहले ही हो जाती है।
- बच्चे की सोशल एंग्जाइटी को कम करने के लिए पहले खुद को शांत रखें। इससे बच्चे को लगता है कि नई जगहों पर जाना या नए लोगों से मिलने-जुलने में कोई डर नहीं है।
- बच्चे को लेकर ओवर-प्रोटेक्टिव ना हों। इससे उनका आत्मविश्वास बूस्ट अप नहीं होता। जिसके कारण वह अपने मन के डर को दूर नहीं कर पाते।
- अगर किसी भी उपाय से आपको पर्याप्त रूप से लाभ ना हो तो ऐसे में आप प्रोफेशनल हेल्प भी ले सकते हैं।



बच्चों के लिए बनाएं वनीला मफिन्स

बच्चों को मफिन्स खूब पसंद आते हैं। ऐसे में आप उनके लिए खास घर पर वनिला मफिन बना सकती है। इसे बनाने के लिए आपको दूध, सिरका, आटा, वनीला एसेंस आदि की जरूरत पड़ेगी। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका.

सामग्री

ओवन का तापमान- 325 F-160C
आटा- 2 कप, दूध- 1 कप, सिरका- 2 कप
बेकिंग पाउडर- 2 छोटे चम्मच, बटर- 1/2 कप
पीसी चीनी- 1/2 कप
वनीला एसेंस- 2 छोटे चम्मच
चॉकलेट चिप्स- जरूरत अनुसार

विधि

- सबसे पहले बाउल बेकिंग पाउडर, मक्खन, आटा और चीनी मिलाएं।
- अब इसमें सिरका, वनीला एसेंस और दूध डालकर मिलाएं।
- बैटर ना ज्यादा गाढ़ा हो और ना ज्यादा पतला हो।
- अब इसमें चॉकलेट चिप्स मिलाएं।
- बैटर को फेंटकर स्मूद करें और मफिन मोल्डस में भरें।
- अब प्रीहिट ओवन में 20 से 25 मिनट तक मफिन बेक करें।
- तैयार मफिन्स को चॉकलेट चिप्स से गार्निश करके सर्व करें।



रसोई में रखी खाने की ये चीजें नहीं होती कभी खराब, लंबे समय तक कर सकते हैं स्टोर

बाजार से खाने-पीने की चीजें खरीदकर घर लाते ही सबसे पहले लोग उसे खराब होने से बचाने के लिए स्टोर करने का सही तरीका खोजते और अपनाते हैं। खाने-पीने की चीजें अक्सर जल्दी खराब हो जाती हैं, यही वजह है कि लोग उसे जल्दी खाकर खत्म कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं आपकी किचन में मौजूद खाने पीने की कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें उनके पोषण तत्वों के साथ लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है। आइए जानते हैं किचन में मौजूद ऐसी ही कुछ खाने की चीजों के बारे में जिनकी नहीं होती कभी एक्सपायरी।

ड्राई बीन्स

अध्ययन के अनुसार, बीन्स का सेवन व्यक्ति 30 साल बाद भी खाने के लिए कर सकता है। बीन्स आपातकालीन भोजन के लिए प्रोटीन से भरपूर भोजन का एक बेहतर विकल्प माना गया है। बीन्स को अच्छी तरह से एयर टाइट कंटेनर में लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

चीनी

लंबे समय तक स्टोर की जाने वाली चीजों में चीनी का भी नाम शामिल है। चीनी भी लंबे समय तक अपने पोषण से भरपूर गुणों को खोए बिना स्टोर की जा सकती है। इसके लिए आप चीनी को किसी एयरटाइट कंटेनर में बंद करके लंबे समय तक के लिए रखें।

नमक

नमक को भी चीनी की ही तरह लंबे समय के लिए अपनी गुणवत्ता खोए बिना स्टोर किया जा सकता है। नमक को ठीक से स्टोर करने से न तो इसमें कभी गुलठियां पड़ती हैं और न ही कभी इसमें कीड़े लगते हैं।

सरसों के दाने

अगर आप अच्छे ब्रांड के सरसों दाने इस्तेमाल करते हैं तो खुला रहने के बावजूद आप इन्हें एक वर्ष से अधिक समय तक भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

सफेद चावल

सफेद चावल को अनिश्चित काल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। एक शोध की मानें तो सफेद चावल 30 वर्षों तक अपने पोषक तत्व और स्वाद को बनाए रख सकते हैं।





इन चीजों से अपने फॉर्मल लुक को बनाएं स्टाइलिश

कैजुअल और पार्टी वियर लुक में जान डालने के लिए तो हमारे पास कई विकल्प होते हैं, लेकिन जब बात आती है फॉर्मल लुक की तो समझ नहीं आता कि क्या पहनें!

जॉब करने वाली लड़कियों के पास एक्सपेरिमेंट करने के लिए बहुत कम स्कोप होता है। क्योंकि फॉर्मल के साथ अगर आप कुछ भी उल्टा सीधा पहनेंगी तो एक तो आपको ऑफिस में टोक दिया जाएगा और दूसरा आप हंसी का पात्र भी बन सकती हैं। इसी डर के कारण लड़कियां फॉर्मल लुक के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करती हैं। लेकिन आपको यह बता दें कि अगर एक बार आपको स्टाइल की नॉलेज हो जाए तो आप अपने फॉर्मल लुक को भी कूल और स्टाइलिश बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसी एक्सेसरीज के बारे में बता रहे हैं जिन्हें कैरी कर के आप अपनी बोरिंग सी ड्रेस में भी जान डाल सकती हैं।

क्राउन स्टाइल हेयरबैंड

हेयर एक्सेसरीज पहनकर भी आप अपने फॉर्मल लुक को सबसे अलग दिखा सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसके लिए आपको कोई टोकेगा भी नहीं। हेयर एक्सेसरीज में आजकल क्राउन स्टाइल हेयरबैंड ट्रेंड में है, जैसे कि सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर विभु महापात्र का लेटेस्ट कलेक्शन। इस तरह के हेयरबैंड आपको किसी भी मार्किट में मिल जाएंगे।

फुटवियर और हैंडबैग

फुटवियर और हैंडबैग ऐसी चीजें हैं जिन्हें फॉर्मल लुक के साथ बहुत सोच समझकर चुनना चाहिए। अगर फुटवियर की बात करें तो आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हील्स वाली सैंडल पहन सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे हमेशा कम्फरटेबल हील्स ही पहनें। वहीं, आजकल लॉन्ग बैग फैशन में हैं, आप इन्हें भी पहन सकती हैं।

रिस्ट वॉच

अगर आपको यह लग रहा है कि अब रिस्ट वॉच फैशन में नहीं है तो हम आपको यह क्यों सजेस्ट कर रहे हैं! तो बता दें कि फॉर्मल ड्रेस के साथ रिस्ट वॉच हमेशा से फैशन का हिस्सा रही है। अगर आप फिल्मों में किसी एक्ट्रेस को फॉर्मल लुक में दिखेंगी तो वह भी रिस्ट वॉच ही कैरी करती हैं। इसलिए अगर आप भी अपने फॉर्मल लुक को बोल्ड और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो रिस्ट वॉच पहनें।

नेकपीस

अपने ऑफिस लुक को क्लासी और स्टाइलिश बनाने के लिए आप फॉर्मल के साथ नेकपीस कैरी कर सकती हैं। आजकल मिनिमल जूलरी ट्रेंड में हैं, ये ऑफिस के लिए एकदम बेस्ट हैं। ये शर्ट और ड्रेस हर किसी के साथ जचते हैं। आप गोल्ड या प्लेटिनम वाली छोटे पैंडल की नेकपीस भी पहन सकती हैं।

सनग्लासेज

सनग्लासेज भी आपके फॉर्मल लुक में चार चांद लगाते हैं इसलिए इन्हें भी आप अपने फेस के अनुसार सही शेप और कलर में कैरी कर सकती हैं। साथ ही आजकल फैंसी स्टाइल में नजर के चश्मे भी आ रहे हैं। आप ऑफिस में पूरे टाइम इन्हें पहनकर भी खूबसूरत दिख सकती हैं। कहने का मतलब यह है कि सनग्लासेज कैरी कर के भी आप अपने फॉर्मल लुक में जान डाल सकती हैं।

ऑफिस के लिए ट्राई करें ये क्लासी हेयरस्टाइल

किसी पार्टी या फंक्शन के लिए तो हेयरस्टाइल बनाना आसान होता है, क्योंकि यहां हमारे पास बहुत सारे ऑप्शन भी होते हैं और टाइम भी होता है। लेकिन जब बात ऑफिस की आती है तो हर लड़की कन्फ्यूज हो जाती है। क्योंकि एक तो ऑफिस के लिए आपको सिंपल हेयरस्टाइल चुनने होते हैं, दूसरा यह कि सुबह के वक्त सभी के पास टाइम भी कम होता है, इसलिए हर लड़की ऐसे हेयरस्टाइल बनाना चाहती है जो जल्दी बन जाएं। अगर आप ऑफिस के लिए वही घिसा पिटा जूड़ा बनाकर बोर हो गई हैं और कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ नए और ट्रेंडी हेयरस्टाइल लेकर आए हैं। इन्हें आप ऑफिस के लिए बनाकर अपनी पर्सनेलिटी में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही ऑफिस में आपको हर कोई कॉम्प्लीमेंट भी देगा।



ब्रेडेड बन स्टाइल

ऑफिस के लिए ब्रेडेड बन स्टाइल काफी कूल और स्टाइलिश लगता है। साथ ही इसे बनाना भी काफी आसान होता है। इसे हेयरस्टाइल को बनाने के लिए बालों को दो पोर्शन में बांट लें। अब अपने आधे बालों से एक हाई बन बनाएं और फिर आधे बालों से चोटी बनाकर बन के पास मोड़कर पिन-अप करें। आप चाहे फॉर्मल पहनें या कोई और ड्रेस, ये हेयरस्टाइल हर ड्रेस के साथ सूट करेगा।

साइड ट्विस्टेड बन




ये ऐसा हेयरस्टाइल है जो हर एज ग्रुप पर सूट करता है। यह आपके बोरिंग लुक और ड्रेस में जान डालने का काम करता है। अगर आपके ऑफिस में कोई फंक्शन है तो आप वहां पर भी इसे ट्राई कर लोगों की तारीफें बटोर सकती हैं। इसमें आप आगे के बालों का कुछ हिस्सा ट्विस्ट करते हुए पीछे ले जाएं और बाकी बालों में बन बनाकर इस ट्विस्टेड बालों को उसमें मिलाते हुए पिन-अप करें। आपका हेयरस्टाइल तैयार है।



डोनट बन

यह बन बनने के बाद वाकई बहुत खूबसूरत लगता है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह जितना अच्छा इंडियन ड्रेस के साथ लगता है उतना ही वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी लगता है। इसलिए आप इसे ऑफिस के लिए ट्राई कर सकती हैं। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आपको डोनट मेकर की जरूरत पड़ती है। हालांकि यह आपको आसानी से मार्केट में मिल जाता है।

मैसी हेयरस्टाइल



मैसी हेयरस्टाइल बहुत ही रफ एंड टफ हेयरस्टाइल होता है। ये बनाने में जितना आसान होता है उतना ही बनने के बाद कूल और क्लासी लगता है। इसमें आप अपनी पसंद के हिसाब से लो या मीडियम बन बना सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसे बनाने में बहुत कम समय लगता है।

शाम को स्नैक्स में खाएं भूने आलू की चाट



आलू की चाय को आपने कई बार खाई होगी। इसे बनाने के लिए आलू को उबालकर इस्तेमाल किया जाता है। मगर क्या आपने कभी भूने आलू की चाट खाई है? चलिए आज हम आपको खास भूने आलू की चाट बनाने का तरीका बताते हैं.

सामग्री

आलू- 3-4,
नमक- 1 कटोरी
काली मिर्च- 1/2 छोटा चम्मच
चाट मसाला- 1 छोटा चम्मच
हरी चटनी- 1 बड़ा चम्मच
मीठी चटनी- 1 बड़ा चम्मच
धनिया- 2 बड़े चम्मच (बारीक कटा)
महीन सेव- 1 कटोरी

विधि

- सबसे पहले पैन में नमक गर्म करें।
- अब इसमें बिना छिलका उतारे आलू रखकर भूनें।
- आलू को करीब 10 मिनट तक भूनें।
- फिर इसे प्लेट में रख कर काट लें।
- आलू पर काली मिर्च पाउडर और चाट मसाला डालकर मिलाएं।
- आलू अच्छे से मिक्स करने के बाद इसमें हरी और मीठी चटनी डालकर मिलाएं।
- अब इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर महीन सेव और धनिया पत्ती से गार्निश करके सर्व करें।

बच्चों के लिए मिनटों में बनाएं अनानास स्मूदी

अनानास पोषक तत्वों व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से इम्यूनिटी से लेकर वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है। मगर अक्सर लोगों को इसे काटकर खाना पसंद नहीं होता है। ऐसे में आप इसकी स्मूदी बनाकर पी सकती है। आप इसे बच्चों को भी पिला सकती है। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका.

आवश्यक सामग्री

फ्रोजन केला- 1/4
फ्रोजन या ताजा अनानास- 1 कप
ताजा पालक- 1 कप
काजू- 1/4 कप
मैका पाउडर- 1 बड़ा चम्मच
नारियल पानी- 1 कप
नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच

विधि

- ब्लेंडर या स्मूदी मेकर में सभी सामग्री डालकर स्मूद पेस्ट बनाएं।
- अब इसे अपने मनपसंद गिलास में भरकर सर्व करें।



राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 10 नवंबर 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

लालबर्रा की शांति पर दाग

पानी की कैन मांगने पर फायर सिलेंडर से हमला, पीड़ित घायल

मारपीट के आरोपी, मंडई मेले में भी दहशत का माहौल, समाजसेवी डोंगरुला मानेश्वर ने उठाई कार्रवाई की मांग

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

त्योहारों और मंडई मेलों से गुलजार लालबर्रा क्षेत्र एक बार फिर गुंडागर्दी, दादागिरी और धौंस की खबरों को लेकर सुर्खियों में है। एक तरफ जहां प्रशासन मंडई मेलों को शांतिपूर्ण कराने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ मुख्यालय के बीचों-बीच हाईस्कूल ग्राउंड में एक पटाखा दुकान संचालक द्वारा मामूली से पैसे के लेन-देन पर दो सगे भाईयों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना के बाद व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

थाना लालबर्रा में दर्ज एफआईआर क्रमांक 0521/2026, 09 नवंबर 2026 के अनुसार, प्रार्थी कुलदीप मानेश्वर निवासी अमोली जो कि मिनरल वाटर का काम करता है, 09 नवंबर को शाम करीब 06:30 बजे अपने छोटे भाई आर्यन मानेश्वर के साथ शासकीय हाईस्कूल ग्राउंड लालबर्रा में लगी दक्ष अग्रवाल की पटाखा दुकान पर गया था। प्रार्थी का आरोप है कि वह पिछले दो दिनों से दुकान पर पानी की कैन दे रहा था, उसी का पैसा मांगने पर आरोपी भड़क गया।

एफआईआर में उल्लेख है कि आरोपी दक्ष ने गंदी-गंदी अश्लील गालियां देते हुए कहा तूने किससे पंगा लिया है, तू जानता नहीं है और हाथ-मुक्कों व लातों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान दूसरा आरोपी निशिकांत भी मौके पर आ गया और उसने भी मारपीट में साथ दिया। जब छोटा भाई आर्यन बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने पास में रखे अग्निशमन यंत्र (फायर सिलेंडर) से उसके चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे नाक के पास गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। दोनों आरोपियों ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में बीएनएस 2023 की धारा 115(2), 296(ङ्), 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रधान आरक्षक राजेन्द्र गौतम को सौंपी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। ग्राम मानपुर निवासी दोनों आरोपी लालबर्रा क्षेत्र में दहशत का पर्याय बने हुए हैं। आए दिन किसी गरीब, ठेले वाले, छोटे सप्लायर या आम नागरिक को चमकाना, धमकाना इनकी आदत बन चुकी है। त्योहारों पर पटाखा बाजार हो या मेला ग्राउंड, हर जगह ये दादागिरी चलाने का प्रयास करते हैं।

प्रेस को जानकारी देते हुए समाजसेवी डोंगरुला मानेश्वर ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में भी गांव-गांव में लोगों को चमकाते फिरते रहते हैं और लड़ाई झगड़े का माहौल पूरे क्षेत्र में जमाते रहते हैं। गाय, गरीब, छोटे व्यापारी किसी को नहीं छोड़ते। लोग डर के कारण आवाज नहीं उठाते, जिससे इनके हौसले और बुलंद हैं। पानी जैसी छोटी बात पर फायर सिलेंडर से हमला करना इनकी लड़ाई झगड़े की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

समाजसेवी नागेश्वर ने मांग की है कि ऐसे लोगों का पुलिस को अपराधिक रिकॉर्ड खंगालना चाहिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

मंडई मेले के सीजन में बढ़ा खतरा



गौरतलब है कि वर्तमान में लालबर्रा सहित पूरे बालाघाट जिले में मंडई मेलों का सीजन चल रहा है। 10 नवंबर से क्षेत्र के कई गांवों में बड़ी मंडई-मेलों की शुरुआत हो चुकी है, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीण जुटते हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि इसी भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व मेले में झंडी-मुंडी, लाल-गौरा जैसे अवैध जुआ फड़ संचालित करने की तैयारी में हैं।

अगर मुख्यालय में ही दिनदहाड़े इस तरह की गुंडागर्दी हो रही है तो दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में मंडई मेलों में क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जागरूक ग्रामीणों और समाजसेवियों ने पुलिस प्रशासन से मांग कि है की मंडई मेला स्थलों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, अवैध जुआ फड़ों पर रोक लगाई जाए और जो भी अपराधिक प्रवृत्ति के गुंडा तत्व हैं उन पर जिला बदर जैसी कार्रवाई की जाए, ताकि मंडई मेला शांतिपूर्ण संपन्न हो सके। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन जनता चाहती है कि सिर्फ एफआईआर नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई हो।


कुलदीप मानेश्वर, पीड़ित।

कन्हारटोला में मंडई पर दो महिला शायरों के बीच जुबानी जंग कल

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

ग्राम पंचायत पाथरशाही के ग्राम कन्हारटोला में 5 दिवसीय दीपोत्सव पर्व दीपावली के बाद कल 12 नवंबर 2026 गुरुवार को दिन-रात की दूसरी मंडई के उपलक्ष्य में शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के स्वस्थ व स्वच्छ मनोरंजन हेतु मंडई समिति व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से दो महिला शायरों का आयोजन रखा गया है। प्रेस को जानकारी देते हुए 'जय शिव महिमा मंडई समिति कन्हारटोला' अध्यक्ष ज्ञानीराम पारधी व अन्य समिति पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि ग्रामीण व क्षेत्रवासियों के मनोरंजन हेतु दूसरी मंडई के उपलक्ष्य में ग्राम में रात्रिकालीन दो महिला शायरों का आयोजन रखा गया है। जहां प्रथम शायर (गायक) कविता चीखले पदमपुर तो वहीं दूसरी महिला शायर सरस्वती लिल्हारे नैतरा दोनों ही शायरों द्वारा अपने सहयोगी व कलाकार साथियों के साथ कार्यक्रम की सुमधुर आवाज में संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष सहित आयोजक मंडई समिति उपाध्यक्ष तेजराम लिल्हारे, सचिव सुरेश पारधी, कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव व मंडई समिति के सभी पदाधिकारी- सदस्यों एवं समस्त ग्राम वासियों ने क्षेत्र के झूले वालों, समस्त दुकानदार भाईयों- बहनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दुकान लगाने तथा रात्रिकालीन मनोरंजन होगा।

उत्तराखंड के राज्यपाल डॉ. ढालसिंह बिसेन का बालाघाट आगमन आज

बालाघाट। संवाददाता



उत्तराखंड के राज्यपाल डॉ. ढालसिंह बिसेन का आज 11 नवंबर को बालाघाट आगमन हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल डॉ. बिसेन आज 11 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे सिवनी से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे बालाघाट स्थित सर्किट हाउस पहुंचेंगे। राज्यपाल डा बिसेन दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस से ग्राम गर्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सहभागिता के पश्चात दोपहर 3 बजे गर्रा से सिवनी के लिए रवाना होंगे। राज्यपाल डा बिसेन के बालाघाट प्रवास को लेकर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

सर्दी के मौसम में गर्माया मुंडेसरा का जमीन विवाद

सड़क मद की भूमि पर अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष

किरनापुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम मुंडेसरा में ठंड के मौसम में जमीन संबंधी विवाद लगातार गरमाता जा रहा है। ग्राम के गांधी चौक के पास सड़क मद (रोड की जमीन) पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से कॉलम गड्ढे खोदने का मामला सामने आया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

सरपंच को दी गई थी सूचना, पटवारी ने की थी कार्रवाई

बीती 31 अक्टूबर 2026 को ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत मुंडेसरा के सरपंच अजय पांचे को सूचना दी कि रामलाल सिंगनदूपे द्वारा सड़क मद की भूमि पर अपनी निजी दुकान के लिए अवैध रूप से कॉलम खोदे जा रहे हैं। मामला संज्ञान में आते ही सरपंच अजय पांचे ने जिम्मेदारी निभाते हुए हल्का पटवारी विशाल ठाकुर को फोन पर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पटवारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान सरपंच अजय पांचे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम सिंगनदूपे, उपसरपंच कृष्णा चिचले और कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे। पटवारी विशाल ठाकुर ने स्पष्ट हिदायत दी थी कि जब तक जमीन का सीमांकन नहीं हो जाता, तब तक कोई काम शुरू नहीं किया जाएगा।



प्रशासन के आदेशों को हवा में उड़ाया

हल्का पटवारी की समझाइश और पंचनामा कार्रवाई के महज दो दिन बाद ही आरोपी रामलाल सिंगनदूपे ने प्रशासनिक नियमों को ताक पर रखकर पुनः अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह अतिक्रमण रोड की जमीन पर किया जा रहा है, जिससे आवागमन बाधित होने और भविष्य में गंभीर दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना हुआ है। प्रशासन की मंशा थी कि दीपावली और मंडई मेलों के दौरान गांव में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे, लेकिन आरोपी द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई।

सरपंच और जनप्रतिनिधियों पर बेबुनियाद आरोपों से उठा सवाल

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब पटवारी के निर्देश पर काम रोका गया था, तो कुछ लोगों द्वारा सरपंच अजय पांचे और जिपं सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम सिंगनदूपे पर ही झूठे और बेबुनियाद आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं? ग्रामीणों का कहना है कि न तो ये दोनों राजस्व विभाग के अधिकारी हैं और न ही इन्होंने कोई पंचनामा तैयार किया है। ऐसे में इन जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाना व्यक्तिगत द्वेष, राजनीतिक फायदा लेने या किसी के बहकावे में आने की ओर इशारा करता है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राजस्व अधिकारियों और पटवारी की मौजूदगी में होने वाले आगामी सीमांकन के बाद न्याय का पल्ला किस ओर झुकता है और प्रशासन इस अतिक्रमण पर क्या कड़ी कार्रवाई करता है।

जमुई में सड़क हादसे में युवक की मौत

शहडोल-बुढ़ार मार्ग पर बुलेट की टक्कर से हुआ हादसा

शहडोल। नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर शहडोल-बुढ़ार मार्ग के बीच जमुई में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। घटना से नाराज ग्रामीणों ने दोपहर करीब 2 बजे हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों के सड़क पर उतरने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीती रात जमुई के पास बुलेट और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई थी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में आई चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों की नाराजगी के चलते मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर संभाला मोर्चा

चक्काजाम की सूचना मिलते ही सोहागपुर थाना प्रभारी संजय जायसवाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी बात सुनी और समझाइश देकर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ।

चौपाटी के पास तालाब में डूबने से तीन किशोरों की मौत, चौथे की हालत गंभीर

मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने रेडक्रास से सौंपे 25-25 हजार के चेक, घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

संभागीय मुख्यालय में सोमवार को चौपाटी के पीछे झूला पुल के समीप हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। पुलिस की गश्त के दौरान पानी में कूदे चार किशोरों में से तीन की डूबने से मौत हो गई, जबकि चौथे की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान गौरव, दुर्गेश और सौरभ के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके से लेकर जिला चिकित्सालय तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा।

तीन परिवारों में मातम पसरा है, वहीं शहरवासियों में घटना को लेकर गहरा दुख और आक्रोश है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पुलिस को देखकर चारों किशोर झूला पुल से नीचे तालाब में कूद गए थे। इनमें से एक किशोर तैरकर बाहर निकलने में सफल रहा, जबकि तीन पानी में डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। काफी देर तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद तीनों को पानी से बाहर निकाला गया। इस दौरान राहत एवं बचाव के बाद अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था और चिकित्सकीय सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठे। एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण युवकों को मोटरसाइकिल से अस्पताल ले जाना पड़ा। अस्पताल में चिकित्सकों की तत्काल उपलब्धता नहीं होने के आरोपों के बाद लोगों ने नाराजगी जताई और हंगामा किया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों किशोरों के शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल सहित प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले पर नाराजगी जताते हुए घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। हादसे के बाद अस्पताल परिसर में भी लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए।

मुख्यमंत्री ने घोषित की चार-चार लाख की सहायता

घटना पर मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक किशोरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रत्येक मृतक के परिवार को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने परिजनों को सौंपे सहायता राशि के चेक

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय की मर्चुरी पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। रेडक्रास सोसायटी की ओर से तीनों परिवारों को 25-25 हजार रुपये की तत्काल सहायता के चेक दिए गए। वहीं अनुसूचित जाति विभाग के माध्यम से संकटापन्न परिवारों को 10 से 18 हजार रुपये तक की सहायता स्वीकृत की गई है।

नगपुरा में गौ माता एवं बछड़ा की मूर्ति स्थापना

यादव अहीर गोवारी समाज के हस्ते

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जिले के लालबर्रा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा में 10 नवंबर को अन्नकूट व गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर खिला मुठिया शिव शक्ति चौक में यादव अहीर गोवारी समाज द्वारा गौ माता एवं बछड़ा की मूर्ति की स्थापना की गई है। भगवान श्रीकृष्ण के वंशज कहे जाने वाले यादव अहीर गोवारी ग्वालवंशी समाज के लोगों की उपस्थिति में भगवान श्रीकृष्ण व बलराम की बड़े ही उत्साह व आस्था के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद उक्त कार्यक्रम स्थल पर गौ माता व बछड़ा की मूर्ति की स्थापना जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी (मुन्ना बनवाले) एवं सामाजिक बंधुओं व ग्रामवासियों की मुख्य उपस्थिति में मूर्ति स्थापना की गई। जनपद सदस्य द्वारा गौ माता को पुष्प माला पहनाकर गौ माता का आशीर्वाद लिया गया। बारी-बारी से सभी सामाजिक बंधुओं ने गौ माता का पुष्पमाला व तिलक वंदन कर पूजन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को अल्पाहार वितरण किया गया। मुख्य रूप से यह आयोजन में यादव अहीर गोवारी समाज के ग्राम अध्यक्ष किशोर यादव, रविशंकर शेंद्रे, संजू यादव, मधुसूदन सेंद्रे, सावन यादव, स्वरूप कारसर्पे, मोहन गायकी, नंदलाल यादव, कार्तिक यादव व जनपद सदस्य मुन्ना बनवाले सहित सामाजिक युवा साथी, बुजुर्ग गण, माताएं- बहनें, बच्चे व वरिष्ठ ग्रामवासी उपस्थित रहे।



दीपावली पर्व अधीनस्थ कर्मचारियों को भेंट किए उपहार

डॉ.धर्मेन्द्र गोहिया ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

दीपावली का पावन पर्व खुशियों, उमंग, उत्साह और आपसी प्रेम-सौहार्द का प्रतीक है।यह पर्व हमें अपने परिवार,मित्रों और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ खुशियां बांटने का अवसर प्रदान करता है। इसी शुभ अवसर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र गोहिया ने 7 नवम्बर 2026 दिन शनिवार को ही स्वास्थ्य केन्द्र में ही अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ मिलकर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का प्रेरणादायी संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं है,बल्कि यह स्वयं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा समाज को बेहतर बनाने का भी अवसर है।



नशे से दूरी बनाएं,अपने और परिवार के स्वास्थ्य की करें रक्षा

डॉ.गोहिया ने अपने संदेश में कहा कि आज के समय में तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पाउच एवं अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। इनका सेवन किसी भी दृष्टि से लाभदायक नहीं है,बल्कि यह धीरे-धीरे शरीर को गंभीर बीमारियों की ओर धकेलता है। तंबाकू एवं धूम्रपान को उन्होंने धीमा जहर बताते हुए कहा कि इसका सेवन करने वाला व्यक्ति न केवल अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है,बल्कि अपनी मेहनत की कमाई भी नशे की लत और उसके कारण होने वाली बीमारियों के उपचार में बर्बाद कर देता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू एवं धूम्रपान के कारण मुंह का कैंसर,फेफड़ों का कैंसर,हृदय रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जब परिवार का कोई सदस्य ऐसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होता है तो उसका प्रभाव केवल मरीज तक सीमित नहीं रहता,बल्कि पूरा परिवार मानसिक,सामाजिक और आर्थिक परेशानियों से जूझने लगता है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 11 नवंबर 2026

सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

सिवनी पुलिस का ऑपरेशन सुरक्षा चक्र

मजनुओं और अवारागर्दों पर शिकंजा, एएसपी दीपक मिश्रा ने मैदान में उतरकर दी दुकानदारों को सख्त चेतावनी

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

शहर में छात्राओं, छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिवनी पुलिस ने एक बेहद सख्त और त्वरित अभियान की शुरुआत की है। ऑपरेशन सुरक्षा चक्र के तहत आज पुलिस महकमे ने सीधे धरातल पर उतरकर स्कूल-कॉलेजों के आसपास मंडराने वाले मनचलों, आवारा तत्वों और बिना वजह अड्डेबाजी करने वालों की नकेल कस दी है।

इस विशेष अभियान की कमान खुद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने संभाली। पुलिस टीम ने शहर के उन तमाम इलाकों का औचक निरीक्षण किया, जहां से रोजाना हजारों छात्र-छात्राएं गुजरते हैं।

सुबह 10-11 और शाम 4-5 बजे नो मजनू जोन का फरमान

ऑपरेशन सुरक्षा चक्र का मुख्य उद्देश्य स्कूल और कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं के लिए पूरी तरह सुरक्षित माहौल तैयार करना है। इसके तहत पुलिस प्रशासन ने समय सीमा निर्धारित करते हुए कड़े कदम उठाए हैं।

सुबह 10:00 से 11:00 बजे (स्कूल-कॉलेज खुलने के समय) और शाम 4:00 से 5:00 बजे (छुट्टी के समय) में शैक्षणिक संस्थानों के रास्तों में पड़ने वाली चाय की चुस्कियों, नाश्ते के ठेलों और चाट की दुकानों के संचालकों को सख्त लहजे में हिदायत दी गई है की इन तय घंटों के दौरान किसी भी दुकान या ठेले पर अवयस्क या मनचले लड़के बेवजह खड़े नहीं दिखेंगे।



दुकानदारों को समझाईस देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा का कड़ा रुख

मोर्चा संभालते हुए एएसपी दीपक मिश्रा ने खुद शहर के प्रमुख स्कूल-कॉलेज मार्गों पर दुकानों और ठेलों पर पहुंचकर दुकानदारों से सीधा संवाद किया और कानून का पाठ पढ़ाया। दुकानदारी चलाना आपका अधिकार है, लेकिन आपकी दुकान आवारागर्दी या छात्राओं से छेड़छाड़ का अड्डा नहीं बननी चाहिए। यदि तय समय में कोई लड़का बिना किसी वाजिब कारण के दुकान पर खड़ा मिला या झुंड बनाकर जमावड़ा लगाया, तो कार्रवाई सिर्फ उस पर नहीं, बल्कि शह देने वाले दुकानदार पर भी होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए, भीड़ हटाइए या पुलिस को बताइए। पुलिस प्रशासन ने दुकानदारों की जवाबदेही तय करते हुए स्कूल और कॉलेज के मुख्य समय में बेवजह खड़े लड़कों को तुरंत दुकान से दूर जाने को कहें है। यदि कोई युवक बात नहीं मानता या विवाद करता है, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को या डायल 112 पर संपर्क करें। समझाइश के बावजूद यदि किसी दुकान पर लगातार मनचलों का जमावड़ा पाया गया, तो संबंधित दुकान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

● मनचलों में हड़कंप, अभिभावकों में राहत की लहर

पुलिस के इस तेजतर्रार अवतार और सड़कों पर अचानक बढ़ी मुस्तैदी से शहर के आवारा तत्वों में हड़कंप मच गया है। जो मजनू चाय-चाट की दुकानों पर घंटों बैठकर कमेंटबाजी और घूरने का काम करते थे, वे पुलिस की सायरन सुनते ही रफूचक्कर होते नजर आएंगे। वहीं दूसरी ओर, सिवनी पुलिस की इस पहल का पालकों और छात्राओं को राहत मिलेगी। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल-कॉलेज की छुट्टी के समय चाय और नाश्ते की दुकानों पर लड़कों का बेवजह जमावड़ा हमेशा चिंता का विषय बना रहता था। ऑपरेशन सुरक्षा चक्र से बेटियों को एक सुरक्षित माहौल मिलेगा और वे निडर होकर पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगी।

● पुलिस का साफ संदेश, ढिलाई बर्दाश्त नहीं

सिवनी पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं है। आने वाले दिनों में पुलिस भी इन इलाकों में लगातार निगरानी करेंगी। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ न केवल चालानी कार्रवाई होगी, बल्कि शांति भंग करने की धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

स्मार्ट फिश पार्लर का संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण



सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग जबलपुर संभाग गिरीश मेश्राम ने जिले के लखनादौन क्षेत्र का भ्रमण कर मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। श्री मेश्राम ने मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनांतर्गत नगर परिषद लखनादौन में निर्मित स्मार्ट फिश पार्लर का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत गंगेरूआ में प्रस्तावित स्मार्ट फिश पार्लर के निर्माण कार्य में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में पूर्ण हो चुके स्मार्ट फिश पार्लरों का नियमानुसार आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने मत्स्य बीज प्रक्षेत्र लखनादौन का निरीक्षण कर उपलब्ध मत्स्य बीज की जानकारी ली तथा उपयुक्त समय पर नदियों में मत्स्य बीज संचयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने मत्स्योद्योग जिला कार्यालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने सिवनी नगर के भगत सिंह वार्ड में निर्मित मत्स्य बाजार का भी स्थानीय मछुआ समुदाय की उपस्थिति में अवलोकन किया। उन्होंने मत्स्य बाजार की 20 दुकानों का शीघ्र आवंटन करने के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक मत्स्योद्योग सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां तेज, विधायक और कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 16 नवंबर को जिले के ब्यौहारी में प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को विधायक शरद कोल और कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंचीय कार्यक्रम, अतिथियों एवं आमजन की बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग तथा लोगों के आवागमन के लिए मार्ग चयन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां बेहतर ढंग से और समय सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विधायक और कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के आगमन के लिए बनाए जा रहे हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को हेलीपैड स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री अर्चना मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दलसागर शराब दुकान के खिलाफ सुलग उठा जनाक्रोश

भैरोगंज में मुकम्मल बंद, दुकान बचाने पहरेदार बना आबकारी और पुलिस महकमा

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

दलसागर शराब दुकान बी की भैरोगंज क्षेत्र में प्रस्तावित और संभावित रवानगी को लेकर उठा विरोध अब एक प्रचंड जनांदोलन का रूप ले चुका है। स्थानीय निवासियों और मातृशक्ति के आह्वान पर आज पूरा भैरोगंज क्षेत्र विरोध की आग में तपा नजर आया। क्षेत्र के नागरिकों, महिलाओं और व्यापारियों के अटूट सामंजस्य ने शासन-प्रशासन की नींद उड़ा दी है। महिलाओं द्वारा दिए गए भैरोगंज बंद के आह्वान का व्यापक असर दिखा, जहां दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक व्यापारियों ने स्वतः अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रखकर जनता की इस वाजिब लड़ाई पर अपनी मुहर लगा दी।

व्यापारियों का पूर्ण समर्थन, थमे कारोबार के पहिए

भैरोगंज के मुख्य बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक दुकाने बंद। आम जनता का दर्द समझते हुए स्थानीय व्यापारी वर्ग ने एकजुटता की एक मिसाल कायम की। 12 बजे बजते ही शटर गिरने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह शाम 4 बजे तक अटूट रहा। फल-सब्जी, किराना, कपड़ा और दैनिक उपयोग की सामग्री से जुड़ी तमाम दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। व्यापारियों का कहना है कि जहां रिहायशी इलाका, शिक्षण संस्थान या धार्मिक स्थल हों, वहां शराब दुकान खोलने का निर्णय जनभावनाओं का सीधा अपमान है। व्यापारिक मुनाफे से ऊपर उठकर जनता के सामाजिक और पारिवारिक माहौल को बचाना पहली प्राथमिकता है।

मातृशक्ति के तेवर तीखे, आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी

क्षेत्र की महिलाओं ने साफ कर दिया है कि यह विरोध केवल एक दिन के बंद तक सीमित नहीं रहेगा। भैरोगंज क्षेत्र में दलसागर शराब दुकान बी के संचालन से न केवल शांति भंग होगी, बल्कि सामाजिक ताना-बाना और युवाओं का भविष्य भी गर्त में जाएगा। महिलाओं का रुख बेहद कड़ा है। उनका कहना है, शराब दुकान को हर हाल में भैरोगंज की सीमाओं से बाहर किया जाए।यदि प्रशासन ने जनता की मांग को तवज्जो न देते हुए हठधर्मिता दिखाई, तो आने वाले दिनों में न्यायालय की शरण मे जा कर अपनी लड़ाई लड़ेंगी। आज के सफल बंद ने यह साबित कर दिया है कि शराब दुकान के विरोध में भैरोगंज का हर वर्ग- व्यापारी, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं एकजुट हैं। अब गेंद जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के पाले में है। देखना यह होगा कि प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करते हुए दुकान को स्थानांतरित करता है या फिर आने वाले दिनों में इस आंदोलन के और भयानक रूप का सामना करता है।

पुलिस और आबकारी महकमा बना दुकान का पहरेदार



इस दृश्य को देखकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और तंज का माहौल भी देखा गया। नागरिकों का कहना था कि काश! यही मुस्तैदी और मुस्तैद पहरेदारी क्षेत्र की बहन-बेटियों की सुरक्षा और अपराधियों को पकड़ने में दिखाई जाती, जो आज एक शराब दुकान की सुरक्षा में झोंक दी गई है।

एक तरफ जहां भैरोगंज की सड़कें बंद के समर्थन में सूनी पड़ी थीं, वहीं दूसरी ओर दलसागर शराब दुकान बी के बाहर का नजारा कुछ अलग ही बयान कर रहा था। महिलाओं के उग्र आंदोलन की सुगबुगाहट और बंद के आह्वान से हलकान आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की सांसें फंसी रहीं। सुबह से लेकर देर शाम तक शराब दुकान के सामने पुलिस बल तैनात रहा। आबकारी विभाग के अधिकारी और पुलिस जवान दिन भर दुकान के आगे पहरा देते नजर आए।

नरगी पंचायत में हुई जनसुनवाई
ग्रामीणों ने रखीं सड़क, राशन और मजदूरी भुगतान की समस्याएं



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें स्थानीय स्तर पर शिकायत रखने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत नरगी में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों और मैदानी अमले के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क निर्माण एवं मरम्मत, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन की उपलब्धता और मजदूरी भुगतान से जुड़ी समस्याएं उठाईं। ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें विस्तार से बताते हुए उनके निराकरण की मांग की। इस दौरान उपस्थित पटवारी, पंचायत सचिव एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग की पहल पर ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर अपनी समस्याएं रखने का अवसर देने के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है। जनसुनवाई में पटवारी, पंचायत सचिव सहित अन्य मैदानी अमला मौजूद रहा।

जनसुनवाई में सुनी गईं आवेदकों की समस्याएं

24 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए



बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 10 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 24 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील अंतर्गत शासकीय माध्े यमिक शाला डोंगरगांव संकुल शासकीय उच्े चतर माध्े यमिक शाला मेंढकी के सेवानिवृत्े त शिक्षक नंदलाल बोकडे एरियर की द्वितीय किश्े त का भुगतान नही करने संबंधी शिकायत लेकर आए थे। सेवानिवृत्े त शिक्षक नंदलाल बोकडे का कहना था कि वे 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत्त हो गए है। शासन के आदेशानुसार उन्े हें प्रथम नियुक्ति से पूर्ण वेतनमान का एरियर्स दो किश्े तों में दिया जाना था। उन्े हें 01 लाख 28 हजार 140 रुपए की प्रथम किश्े त का भुगतान कर दिया गया है लेकिन 01 लाख 71 हजार 450 रुपए की द्वितीय किश्े त का भुगतान 02 वर्ष 10 माह बीत जाने के बाद भी नही किया गया है। इस प्रकरण में कलेक्टर श्री सिंह ने वारासिवनी के बीईओ एवं बीआरसी को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही द्वितीय किश्े त का शीघ्र भुगतान करने कहा गया है।

किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा निवासी भवानी तिवारी अपनी निजी भूमि पर बिना अनुमति गेट एवं बैनर लगाए जाने और आवागमन बाधित किये जाने की शिकायत लेकर आये थे। उनका कहना था कि सलीम खान, जावेद खान, शानू खान एवं उनके साथियों ने उनकी निजी भूमि पर बिना अनुमति गेट और बैनर लगा दिए हैं, जिससे उन्हें अपनी ही जमीन पर आने-जाने में परेशानी हो रही है। भवानी ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में तहसीलदार किरनापुर को लिखित शिकायत देने के साथ जनसुनवाई में भी आवेदन किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में एसडीएम किरनापुर को आवश्े यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोली के डामेंद्र कुमार धानेश्े वर शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा के लोक सूचना अधिकारी पर तीन आरटीआई आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब नहीं दिये जाने की शिकायत लेकर आये थे। डामेंद्र ने बताया कि उनके द्वारा 27, 29 एवं 30 सितंबर 2026 को भेजे गए तीनों आवेदनों की डिलीवरी होने के बावजूद 10 नवंबर तक लोक सूचना अधिकारी द्वारा कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः उन्े होंने मामले की जांच कर संबंधित लोक सूचना अधिकारी पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

नंदी गौ सेवा धाम गौशाला में मनाई गई गोवर्धन पूजा



सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ आयोजन, गौमाता की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

पांडवनगर स्थित नंदी गौ सेवा धाम गौशाला में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गौसेवकों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया और भगवान हनुमान की आराधना की। इसके पश्चात विधि-विधान से गोवर्धन पूजा की गई। गौमाता की पूजा-अर्चना कर उनकी सेवा, संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। पूजा के दौरान गौमाता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।धार्मिक आयोजन के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गौसेवकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन के माध्यम से गौसेवा और गौसंरक्षण के महत्व को भी रेखांकित किया गया। नंदी गौ सेवा धाम में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम से गौशाला का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433